हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

विधायक ने किया सांकरा एवं सपोस खरीदी केंद्र ... 14



खरोरा में हुआ मितानिनों का सम्मान... 14





## खबर संक्षेप

### मवेशियों को कत्लखाने ले जाते तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने मवेशियों को कत्लखाने ले जाते तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मुढैना में वाहन क्रमांक सीजी 04 एमपी 4077 में मवेशियों को लोड किया जा रहा है और मवेशियों को कत्ल खाना ओडिशा राज्य बेचने के लिए ले जा रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी, जहां वाहन में जयप्रकाश जोशी पिता हीराराम जोशी (24 साल) निवासी ग्राम बाराडेरा थाना विधानसभा रायपुर जिला रायपुर एवं लोकेश सतनामी पिता मदन सतनामी (30 साल) निवासी बरोंडा बाजार थाना व जिला महासमुंद एवं पराग आंवडे पिता हेमधर आंवडे ( 40 साल) निवासी भोरिंग थाना तुमगांव जिला महासमुंद मिले। आरोपीगणों एवं उनके संयुक्त आधिपत्य के वाहन टाटा अल्ट्रा 1041 ट्रक की तलाशी ली गई, तलाशी में ट्रक के ट्राली में क्रुरता पूर्वक कृषक पशु भैंस भैंसा प्रजाति के 12 मवेशी लदा हुआ पाया गया। आरोपीगणों ने बिट्टू सिंह निवासी रायपुर एवं शाहरूख निवासी सरोना रायपुर के कहने पर उडीसा राज्य कत्ल खाना विक्रय के लिए ले जाना बताया। आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6,10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि0 2004 एवं 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



### बागबाहरा क्षेत्र में अवैध धान, पेट्रोल-डीजल और पीडीएस चावल जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा एसडीएम उमेश कुमार साहू के निर्देशन में तहसील कोमाखान के खैरतकला और भलेसर गांवों में कार्रवाई की गई। राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को धान, पेट्रोल-डीजल और पीडीएस चावल की अवैध भंडारण और व्यापार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जब्ती की। ग्राम खैरतकला के निवासी राधे चंद्राकर के पास से 650 कट्टा धान और भलेसर के बल्ला चंद्राकर के पास से 700 कट्टा अवैध धान मंडी अधिनियम तहत के जब्त किया गया। खैरतकला में ही प्रदीप चंद्राकर की दुकान पर छापा मारा गया। वहां से 250 लीटर पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर व्यावसायिक परिसर में अवैध रूप से भंडारित पाए गए। साथ ही दुकान से 40 कट्टा पीडीएस चावल भी बरामद किया गया। यह चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को वितरित किया जाना था। एसडीएम उमेश कुमार साहू ने बताया कि अवैध भंडारण और वितरण पर प्रशासन की सख्त नजर है। उन्होंने सभी व्यापारियों और भंडारणकर्ताओं से कहा है कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जागरुकता अभियान के बाद भी नहीं समझ रहे लोग, अनहोनी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में पुलिस एवं अन्य सामाजिक संस्था सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलते है पर लोग अपने ही जान को खतरे डाले रहे है और किसी अनहोनी होने का इंतजार कर रहे है। नेहरू चौक स्थित ट्रैफिक सिगंल से रोजाना हजारों वाहन गुजरते है लेकिन मात्र कुछ ही वाहन चालक हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करते है।

शङर के नेहरू चौक के पास गुजरने वाले ज्यादातर बाइक सवार न तो हेलमेट लगाए नजर आते हैं और न ही कार चालक सीट बेल्ट। जबकि यह व्यस्ततम इलाका है और दिन भर में हजार से ज्यादा वाहन चालक यहां से गुजरते हैं। पुलिस सामान्य तौर पर दो-चार दिन रुटीन चेकिंग भी शुरू कर दे तो नियमों के पालन को लेकर लोग सतर्क हो सकते हैं। अगर कार्रवाई नहीं की जाती तो दुर्घटना के बढ़ते क्रम को कभी घटाया नहीं जा सकेगा। इसे लेकर विभाग को तत्काल ही कार्रवाई करने की आवश्यक है।

## कुछ ही वाहन चालक हेलमेट एवं सीट बेल्ट का करते हैं उपयोग

- नेहरू चौक के पास गुजरने वाले ज्यादातर बाइक सवार न तो हेलमेट लगाए नजर आते हैं और न ही कार चालक सीट बेल्ट



### नियमों के उल्लंघन पर तरह-तरह के तर्क

उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों को जब पुलिस जवान रोकते हैं तो या तो किसी नेता से बातचीत कराने या स्वयं मैं क्या हूं नही जानते क्या जैसे शब्दों से अपनी खामियां छिपाए जाने का प्रयास होता रोज देखा जा सकता है। कोई भी तो नहीं लगाता हेलमेट, फिर हम क्यों लगाएं। हमारे पास दो हेलमेट हैं, लेकिन बिना हेलमेट वालों को कोई रोकता टोकता नहीं, इसलिए हम भी नहीं लगाते। ऐसे वाक्य भी सामने आते रहते हैं। हरिभूमि ने हाल ही में दो पहिया, चार पहिया और स्कूली वाहन चालक से नियमों को लेकर बातचीत की तो इस दौरान ऐसी बातें सामने आई।

- स्कूटी चालक का कहना रहा कि हेलमेट तो है, लेकिन सामान्य तौर पर लगाते ही नहीं हैं। लंबे सफर पर जाते हैं तो लगाते हैं। कभी किसी ने रोका-टोका भी नहीं इसलिए हेलमेट लगाना अब लगभग पूरी तरह बंद हो चुका है।
- कार चालक ने सीट बेल्ट नही लगाए जाने का के मामले में सफाई देते हुए कहा कि चौराहे पर सवारियां उतारते समय हटा दिया था।
- स्कूल वाहन चालक से सीट बेल्ट न पहनने का कारण पूछने पर तत्काल सीट बेल्ट लगाने लगा और कहा गया कि हमेशा पहनता हूं आज नहीं पहना हूं भूल गया।

## गड़बड़ी: शिकायत पर पहुंचे अफसर ने कहा, जांच के बाद जरूर होगी कार्रवाई

# अफसरों के सामने हुई तौलाई, बोरे में निकला 2 किलो अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बोरे में 2 किलो अधिक धान की तौलाई की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार के सामने बेमचा धान खरीदी केंद्र में कराए गए जांच में बोरों में 2 किलो अधिक तौल पाया गया। धान खरीदी केंद्र बेमचा में किसानों से तकरीबन 9 हजार बोरा धान खरीदा गया है। जिसमें प्रत्येक में 2 किलो अधिक तौल पाए जाने के मामले की जांच कराई जाएगी। आक्रोशित किसानों ने पूरे मामले को समिति प्रबंधक और पदाधिकारियों की मिलीभगत बताया और कहा कि मामले का निराकरण नही हुआ तो किसान चक्काजाम करने बाध्य होंगे। सामने कराए गए तौल में 40 की बजाय 42 किलो का तौल सामने आया।

किसानों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक कांटे में धान खरीदी की जा रही है। आरोप है कि तराजू में सेटिंग कर धान खरीदी की शुरुआत से तकरीबन 2 किलो प्रति बारदाना के हिसाब से अधिक धान तौला गया है। बता दें कि अब तक तकरीबन 8731 बोरा धान खरीदा गया है। इस हिसाब से प्रत्येक बोरे में 2 किलो की राशि यानी 62 रुपए के हिसाब से तकरीबन 5 लाख 36 हजार रुपए की हेराफेरी की बात सामने आई है।

मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार मोहित अमिला ने कहा कि मामले की शिकायत पर वे यहां पहुंचे हैं। धान के बोरों को तौला कर देखा गया है। मामले की जांच होगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई भी जरुर होगी।



### 67 किसानों से तकरीबन साढ़े 5 लाख के धान की हेराफेरी

बेमचा धान खरीदी केंद्र में अब तक 67 किसानों से तकरीबन 81 लाख रुपए की धान खरीदी की गई है वहीं इन किसानों से लिंकिंग के माध्यम से तकरीबन 15 लाख रुपए की ऋण वसूली भी की जा चुकी है। कुल खरीदे गए धान की मात्रा 3516 क्विंटल है जिसके हिसाब से कुल 8791 बोरे धान की खरीदी हुई और प्रत्येक बोरे में 2 किलो धान अधिक लिए जाने की शिकायत के चलते 3100 की दर से प्रत्येक बोरे में 62 रुपए किसानों के प्रति बोरा नुकसान होने की आशंका जताई गई है। इसके हिसाब से तकरीबन साढ़े 5 लाख रुपए का नुकसान इन 67 किसानों को धान बेचने से और समिति द्वारा अधिक धान तौलाए जाने से होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### नापतौल विभाग की सील नहीं

जिन इलेक्ट्रॉनिक कांटों से किसानों का धान तौलाा जा रहा है, उसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की संभावना से इनकार नही किया जा सकता। इसकी सेटिंग में फेरबदल के कई खुलासे किसानों ने ही बेमचा खरीदी केंद्र में मामला सामने आने के बाद किए। बता दें कि इन इलेक्ट्रॉनिक तराजुओं में नापतौल विभाग द्वारा किसी सत्यापन का भी अभाव सामने आया।

### अध्यक्ष के नहीं पहुंचने पर किसान हुए नाराज

शुक्रवार देर शाम से मामला उजागर होने के बाद किसान लगातार हाल ही में मनोनीत अध्यक्ष को लगातार कॉल करते रहे लेकिन, किसी पारिवारिक कार्य का हवाला देते हुए केंद्र नहीं पहुंचे तो स्थानीय किसान काफी आक्रोशित नजर आए। उन्होंने कहा है कि किसानों के हितों की लड़ाई नहीं लड़ पाने वाले प्रतिनिधि से इस्तीफा मांगा जाएगा।


### चक्काजाम की दी चेतावनी

किसानों ने मौके पर मामले का तत्काल निराकरण की मांग की। आक्रोशित किसानों के अफसर शांत कराने की कोशिश करते रहे लेकिन, किसान उस समय और आक्रोशित हो गए जब पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा भी किसी बड़े अफसर को न भेज कर सुपरवाईजर को भेज दिया गया। इसी प्रकार बैंक की ओर से भी किसी जिम्मेदार के न पहुंचने पर किसानों में तीखा आक्रोश नजर आया।

### मंडल तो दूर भाजपा में भी जो नहीं सदस्य उसे बना दिया अध्यक्ष

स्थानीय भाजपाजनों की मानें तो जिसे सोसायटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है उसे न तो भाजपा के मंडल पदाधिकारी जानते और न ही वह भाजपा का सदस्य है। स्थानीय कई नामों की उपेक्षा कर मनमर्जी चलाए जाने की भी बात सामने आई है जिससे स्थानीय भाजपाजनों में आक्रोश नजर आया। साथ ही पदभार ग्रहण के दौरान भी स्थानीय भाजपाईयों को नहीं बुलाए जाने के चलते उपेक्षा किए जाने का आरोप लग रहा है।

## घरों में लग रहे डिजिटल स्मार्ट मीटर, रीडरों को सता रहा रोजगार छिन जाने का डर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में सूचना क्रांति के युग में अब घरों के विद्युत मीटर भी अछूता नहीं रहा। छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना के अंतर्गत अंचल में पुराने मीटर के स्थान पर नया डिजिटल स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। शहरों एवं ग्रामीण इलाको में स्मार्ट मीटर इंस्टॉल करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। निजी कंपनी की चार पांच टीम प्रत्येक घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के काम में जुटी हुई है। लोगों में भी स्मार्ट डिजिटल मीटर लगाना कौतूहल का विषय है। नए मीटर को लगाने के बाद लोगों में रिचार्ज करने की उत्सुकता है।

गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुरूप रिचार्ज कर सकेंगे साथ ही खपत एवं बैलेंस की वास्तविक स्थिति की जानकारी भी उन्हें रहेगी। विद्युत विभाग को बकाया वसूली एवं विद्युत कनेक्शन काटने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। किंतु सोशल मीडिया में कुछ वायरल समाचार के आधार पर कुछ लोगों में भय है कि डिजिटल स्मार्ट मीटर से कुछ स्थानों में अधिक बिल की शिकायत आ रही है लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद ही सच्चाई सामने आ पाएगी।

### मीटर रीडरों को रोजगार छिन जाने का डर

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार अभी मीटर की रीडिंग ऑपरेटर द्वारा घर-घर जाकर रीडिंग कर बिल दी जाती है। डिजिटल मीटर लगने के बाद ऑपरेटर की आवश्यकता नहीं होगी जिससे ऑपरेटर के समक्ष रोजगार की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। चूंकि विगत सालों से ऑपरेटर मीटर रीडिंग कार्य करके अपनी रोजी रोटी एवं परिवार चला रहे है। अब उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। विगत माह में ऑपरेटर द्वारा हड़ताल कर शासन से अपनी समस्या के निवारण करने की मांग किया जा रहा है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को, खंडपीठों का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

### तैयारियों के संबंध में जिला न्यायाधीश ने ली संबंधित विभाग और न्यायिक अधिकारियों की बैठक

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 दिसंबर 2024 शनिवार को जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित तथा सस्ता एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद तथा बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली तालुका स्थित सभी न्यायालयों में खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक के



प्रकरण रखे जाने के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा न्यायिक अधिकारियों और प्री-लिटीगेशन प्रस्तुत करने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों की भी बैठक ली गई है। न्यायिक अधिकारियों की बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा न्यायालयों में जो प्रकरण चिन्हांकित किए गए है जैसे एमएसीटी, सिविल प्रकरण, एनआई एक्ट, समरी प्रकरणों के आकड़ों का अवलोकन भी किया गया। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए न्यायालयों में 5 से 10 वर्षो से लंबित प्रकरणों, वरिष्ठजनों से संबंधित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्री लिटिगेशन प्रकरण के रूप में चिन्हाकिंत प्रकरणों में बढ़ोत्तरी करते हुए सर्वसंबंधित विभाग वित्तीय संस्थानों के साथ प्री-सीटिंग, सहयोग एवं उनसे समन्व स्थापित कर राजस्व प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रीलिटीगेशन प्रस्तुत करने वाले बैंकों के शाखा प्रबंधकों, बिजली, नगर पालिका, यातायात शाखा, परिवहन, खनिज, राजस्व एवं जिला पंचायत के अधिकारियों की भी बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक में लिया गया निर्णय

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर फरवरी में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिला स्तरीय बैठक में विभिन्न विभाग के कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं पर की चर्चा

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद की जिला स्तरीय बैठक स्थानीय कर्मचारी भवन में हुई। जिसमें प्रांतीय शाखा द्वारा अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर माह फरवरी 2025 में प्रान्त व्यापी आर-पार अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी सूचना जिला शाखा के सभी सदस्यों को दी गई। साथ ही बैठक में विभिन्न विभागों में कर्मचारी से संबंधित समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से जल संसाधन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महासमुंद में चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को विगत 4-5 वर्षों से वर्दी कपड़ा, गरम कोट एवं सिलाई भत्ता प्रदाय नहीं किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग में कई कर्मचारियों को प्रथम समयमान वेतनमान प्रदान नहीं किया जा रहा है, पेंशन प्रकरण लंबे समय से लंबित है। आदिम जाति कल्याण विभाग में विभिन्न कर्मचारियों को प्रथम समयमान वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा रहा है, कई कर्मचारियों को द्वितीय समयमान वेतनमान की एरियर्स राशि का भुगतान लंबे समय से लंबित है, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति के संबंध में किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं कर रही है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, लोनिवि (वि. / यां.) उपसंभाग-महासमुंद में कर्मचारियों से उपस्थित पंजी में हस्ताक्षर नहीं लिया जा रहा है। समस्त विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान करने आदि शामिल है।




बैठक में सभी कर्मचारियों से वार्षिक सदस्यता शुल्क की राशि अपने-अपने ब्लॉक अध्यक्ष के पास जमा करने के लिए अपील की गई। किशन यादव हेल्पर अनुविभागीय अधिकारी लोनिवि (वि/यां) उपसंभाग महासमुंद को जिला संगठन सचिव एवं मनीराम चकधारी भृत्य आदिवासी विकास विभाग को मीडिया प्रभारी के पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। बैठक में दिलीप तिवारी जिलाध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, नंदकुमार देवदास, मंतराम कन्नौजे, अनूप कुमार यादव, बेदलाल साहू, राजेन्द्र चंद्राकर, राजाराम कनौजे, कुंदन ठानेकर, विवेक परदेशी, खुलेश्वर साहू, उमेश कुमार सिन्हा, मनीराम चक्रधारी, रामसिंग ध्रुव, किशन यादव, गजेंद्र कुमार यादव, होमन सिंह यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अभ्यास स्कूल में टिटनेस टीकाकरण शिविर

**महासमुंद।** शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को टिटनेस का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को टिटनेस के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि टिटनेस बैक्टीरिया के कारण होने वाला एक गंभीर संक्रमण है, जो घाव, चोट या गंदगी के संपर्क में आने से फैल सकता है। इससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण आवश्यक है। मौके पर प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने इस पहल की सराहना की।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### छह सूत्रीय मांगों को लेकर 6 दिसंबर से हड़ताल

**बसना।** नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, ललित साहू की मौजूदगी में पुष्प वाटिका बसना में बैठक हुई। जिसमें 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 दिसंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल तूता में किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में नगर पंचायत बसना के नियमित कर्मचारी भीष्म प्रधान, पिंकी पटेल, सोनप्यारी भगत, वीरेंद्र बघेल, रुक्मणी सोनवानी, प्लेसमेंट कर्मचारियों में भारत सोना, शत्रुघ्न दीप, पृथ्वीराज सोना, दीपक सोना, दीपेश सोना, जलश्याम सोना, घनश्याम सोना, हारा बाई, पंचमणि, सुरू बाई, रूबीना, बासमती, सुरेश दीप, नरेश सोना, गजेंद्र डोंगरे, प्रकाश सेंदरिया, प्रकाश राठौर, गणेश, प्रीतम सोना, मनोज आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।



### पर्वतारोहण शिविर के लिए जिले के स्काउट हुए रवाना

**महासमुंद।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर साहसिक गतिविधि का आयोजन 25 नवंबर से 29 नवंबर तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नेशनल यूथ काम्पलेक्स गदपुरी जिला पल्लवल हरियाणा में आयोजित है। शिविर के लिए जिला महासमुंद जिला से कुल 16 स्काउट, रोवर रेंजर एवं 2 प्रभारी शिक्षक व्यासनारायण बंजारे एवं उर्वशी नेताम के साथ समता एक्सप्रेस से रवाना हुए। इसके पूर्व रेल्वे स्टेशन पर स्काउट गाइड को संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष जय पवार, मुख्यालय आयुक्त एनके सिन्हा, रामकुमार साहू, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, विकासखंड उपाध्यक्ष नितेश श्रीवास्तव, विखं सचिव लता वैष्णव, सुशील शर्मा, नरेंद्र नायक द्वारा स्काउट गाइड को यात्रा के लिए किट वितरण किया गया। साथ ही यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# यह जीत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित हो रहे छत्तीसगढ़ पर जन विश्वास की मुहर : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की बड़ी जीत एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की प्रचंड विजय एवं उत्तरप्रदेश के उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल के निवास (नीलांचल भवन) एवं विधायक कार्यालय से सिटी सिनेमा तक आतिशबाजी और ढोल-नगाड़े के साथ विजय जुलूस निकाल कर सभी को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई गई। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित हो रहे छत्तीसगढ़ पर जन विश्वास की मुहर है। भाजपा ने विकास की राजनीति की इस वजह से जनता भाजपा के साथ है।

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने बड़ी जीत दर्ज की है। सुनील सोनी ने कांग्रेस के आकाश शर्मा को 46,167 वोटों से हरा दिया है। सुनील सोनी को कुल 89,220 वोट मिले हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में 43,053 वोट पड़े हैं। पोस्टल बैलेट से भाजपा को 161 और कांग्रेस को 76 वोट मिले। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में केवल 50.50 प्रतिशत वोटिंग हुई है। ये वही सीट है, जहां 2023 के जनरल इलेक्शन में 61.73 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। 2023 के नतीजों में बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस के रामसुंदर दास महंत पर 68 हजार वोटों की सबसे बड़ी लीड ली थी। बता दें कि बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद यहां उपचुनाव हुआ। राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक कुल 16 विधानसभा उपचुनाव हुए हैं, उसमें से 8 बीजेपी और 8 कांग्रेस ने जीता है। इसमें से कुल 14 विधानसभा उपचुनाव सत्ता पक्ष ने जीता है। दो विधानसभा उपचुनाव विपक्ष ने जीता है, यानी उपचुनाव में सत्ता पक्ष ने ज्यादा जीत हासिल की है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्षद्वय रमेश अग्रवाल, जितेंद्र त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, बसना मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री व विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधिगण अरविंद मिश्रा, मोहित पटेल, भाजपा युवा नेता निर्मलदास, आकाश सिन्हा, पत्रकार सेवकदास दीवान, सुखदेव वैष्णव, संजय तायल, अभय धृतलहरे, पदाधिकारीगण, समस्त मंडल मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल कार्यसमिति के सदस्य, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत जनप्रतिनिधिगण, नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजक सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## विधायक ने विधानसभा चुनाव एवं उपचुनाव में मिली जीत का मनाया जश्न

**महासमुंद।** शनिवार को महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम में भाजपा एवं महायुति गठबंधन को मिले प्रचंड बहुमत व उपचुनावों में मिले जीत के बाद विधायक कार्यालय में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं अन्य भाजपा नेताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह परिणाम बताता है कि जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। महाराष्ट्र में हमारी गठबंधन ने रिकॉर्ड सीट हासिल की है। इस जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व एक जमीनी स्तर पर कार्य करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और दृढ़निश्चय शामिल है। इसी प्रकार रायपुर दक्षिण सीट में हुए उपचुनाव में सुनील सोनी को भी 46 हजार से अधिक मतों से जीत मिली है। आगे भी इसी प्रकार अन्य राज्यों में भाजपा का जीत का परचम लहराती रहेगी। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, प्रकाश शर्मा, एमआर विश्वनाथन, अमृत चोपड़ा, झनक लाल साहू, कौशल्या बंसल, शंकर चंद्राकर, देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, मंगेश टांकसाले, मधु यादव, प्रीति सोनी, अभिषेक पांडे, सोनाधर सोनवानी, महेन्द्र सिका, गोपी कन्नौजे, अरविंद प्रहरे, गुड्डा सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## चिरको महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य सुरक्षा जागरुकता पर हुई कार्यशाला



**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में रेड रिबन क्लब तथा रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य हयूमा लिली दीवान के निर्देशन में महिला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान के तहत जेहोवारोही इंडिया प्राइवेट लिमिटेड संस्थान द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्मिता रहीं। साथ ही उनके के साथ मन्नू दीवान आयुर्वेदिक सलाहकार, यशोदा ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता स्मिता ने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के छात्राओं को महावारी के समय होने वाली परेशानी को कैसे कम किया जाए, सही खान-पान का अनुपात तथा महावारी के बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों व उनके रोकथाम की जानकारी को शामिल किया। कार्यक्रम में उनके द्वारा लाए गए सेनेटरी नेपकिन का सही उपयोग के साथ ही प्रदर्शन कर दिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का निवारण किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस व रेड रिबन प्रभारी लता भोई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता राखी यदु, दीक्षा गजेंद्र, प्रेमलता सेंदरिया, हेमलता नायक तथा सभी संकाय के छात्राएं उपस्थित रहे।

# जलकुंभी से अटा पड़ा गुड़रूपारा का तालाब, 9 महीने पहले बना उपस्वास्थ्य केंद्र भी जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- वार्डवासियों की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व विधायक डा विमल चोपड़ा

शहर के गुड़रुपारा वासियों ने गुरुवार को अपनी समस्याओं से अवगत कराने पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा से मुलाकात की और गुड़रु तालाब और उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की समस्याओं को अवगत कराते हुए निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया।



तालाब व उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण करने पहुंचे डॉ. चोपड़ा को नागरिकों ने बताया कि गुड़रु तालाब में गंदगी होने के कारण तालाब में नहाने से खुजली की समस्या बढ़ती जा रही है। जलकुंभियों के कारण लोग परेशान है। पूरे तालाब और आसपास में पूरी तरह गंदगी हो चुकी हैं, जिससे मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। जिसके कारण लोगों को मलेरिया का खतरा बना हुआ है।

लोगों ने बताया कि वार्ड में साफ सफाई भी सही तरीके से नहीं होती, जिससे आसपास में पूरी गंदगी फैली हुई है। लोगों ने गुड़रुपारा स्थित स्वास्थ्य विभाग के उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के बारे बताया कि भवन निर्माण 9 महीने पहले हो चुका है। लेकिन, आज तक इस भवन में स्वास्थ्य सेवा कार्य का प्रारंभ नहीं किया गया। प्रारंभ न होने से और निम्न स्तर के भवन निर्माण सामग्री का उपयोग होने से उपस्वास्थ्य केंद्र भवन अनेक जगहों से टूटता फूटता जा रहा है, जो कि आगे चलकर लोगों के लिए जान का खतरा बन सकता है।

डॉ. चोपड़ा ने निरीक्षण करने के बाद और लोगों की बात सुनने के पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर गुड़रुपारा तालाब की सफाई और जलकुंभियों को हटवाने तथा आसपास की सफाई के निर्देश दिए। साथ ही शहर के सभी वार्डों की स्थिति जांच कर उनके रखरखाव करवाने के निर्देश दिए। वहीं उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से फोन पर बात कर कहा कि 9 महीने से भवन निर्माण होने के बावजूद भवन में स्वास्थ्य सेवा क्यों प्रारंभ नहीं किया गया तथा भवन निर्माण में उपयोग निम्न स्तर के सामग्री के वजह से भवन की जर्जर स्थिति में है, इसकी जांच कराने और भवन का सुधार कर उप स्वास्थ्य केंद्र को प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# चरौदा सोसाइटी में अध्यक्ष का शपथ ग्रहण, सम्मान समारोह भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित चरौदा में नवनियुक्त अध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अध्यक्षता भाजपा प्रदेश महिला उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि चंद्रकला साहू सरपंच चरौदा, हितेश चंद्राकर, मोहन कुलदीप, जान्हवी साहू रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा छतीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पश्चात अतिथियों का स्वागत पश्चात भुवन साहू ने पदभार ग्रहण कर किसानों, कर्मचारियों एवं समिति के हित में काम करने की बात कही। इस मौके पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि धान बुवाई को लेकर जो भ्रम विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा है, किसान उनसे बचें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट कर दिया है कि धान बोने में प्रतिबंध जैसा कोई आदेश नहीं है। जल संरक्षण नीति के चलते यह आदेश कम जल स्तर वाले जगहों के लिए फसल चक्र का हिस्सा है। किसान अपने मन मुताबिक फ़सल जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए करें। अल्का चंद्राकर ने संस्था के प्रबंधक जयप्रकाश साहू द्वारा किए गए जन हितैषी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कोरोनाकाल के समय में जो पहल किसानों को मास्क वितरण, सेनेटाइजर वितरण, पौधारोपण का कार्य जो किया था वह जिले में अनुकरणीय रहा। प्रबंधक साहू द्वारा किसानों के लिए नीत नए नवाचार संस्था में किया जा रहा है, जिसका किसानों को अच्छा प्रतिसाद मिला है। सभा को हितेश चंद्राकर, मोहन कुलदीप, चंद्रकला साहू, कमलनारायण साहू, धरम दीवान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण जयप्रकाश साहू समिति प्रबंधक ने दिया। संचालन भेखलाल पटेल ने किय।



इस दौरान चित्रसेन गिरी, देवकराम साहू, रामनारायण साहू, जगदीश तेली, कुबेर प्रकाश गिरी जिलाध्यक्ष किसान संघ, शेखर चंद्राकर, विजय साहू, खोजेंद्र गिरी, संजय साहू, नेतराम पटेल, नीलकंठ पटेल रिंकू चेतन चंद्राकर, ढेलूराम चंद्राकर, लाला खिलेश साहू, याद राम ध्रुव, नारायण सिंह ठाकुर, धरम दीवान, नारद सिन्हा, तेजराम चंद्राकर, मोती राम साहू, कामता चंद्राकर, गोपाल साहू, उमेश साहू, चमन पटेल, सुरेंद्र पटेल, नंदनी सिन्हा, ओपी साहू, बोहरण ठाकुर, योगेश सिन्हा, संतराम सिन्हा समेत बड़ी संख्या में किसान जन उपस्थित रहे।

### संस्था ने किया पूर्व अध्यक्ष एवं सरपंचों का सम्मान

कार्यक्रम में संस्था के पूर्व प्राधिकृत मोहन कुलदीप, सरपंच चंद्रकला साहू ग्राम पंचायत चरौदा, सरपंच कमलनारायण साहू एमके बाहरा, सरपंच प्रेमिन ध्रुव ग्राम पंचायत कमरौद, सरपंच जान्हवी साहू ग्राम पंचायत तुपकबोरा, लोक गायक डिमान सेन, किसान नरोत्तम साहू कमरौद का मां खल्लारी की छायाचित्र, नारियल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर संस्था की ओर से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## अरंड में सशक्त और विकसित पंचायत निर्माण के लिए हुई बैठक



**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अरंड में ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम (जीपीपीएफटी) के माध्यम से पंचायत को सशक्त और विकसित बनाने के उद्देश्य से पिरामल फाउंडेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पंचायत समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।बैठक का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमिटी (एसएमसी) और बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड (बाला) जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर चर्चा करना था। इस दिशा में गांव के विकास के लिए एक समर्पित टीम गठित कर विभिन्न गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ग्राम पंचायत की सरपंच पार्वती तांडे ने कहा कि बच्चों का विकास ही गांव का विकास है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पंचायत राज संस्थान (पीआरआई), स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, युवा और स्थानीय नेतृत्व मिलकर काम करेंगे। प्राथमिक शाला की हेडमास्टर निशा विकास चंदेल ने स्कूल मैनेजमेंट कमिटी और बाला लर्निंग टूल्स के क्रियान्वयन में पंचायत के सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। पिरामल फाउंडेशन की एस्पिरेशनल भारत कोलेब टीम ने बैठक में सशक्त पंचायत और सतत विकास के लिए एलएसडीजी के 9 थीमों पर विस्तार से चर्चा की। पंचायत ने बाल हितैषी गांव और स्वच्छ एवं हरित गांव बनाने का संकल्प लिया। बैठक में ग्राम पंचायत के सभी पंच, हेडमास्टर और पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर ऋचा और सुरेंद्र, डिस्ट्रिक्ट लीड महेंद्र आर्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## भौतिकी के व्याख्याताओं का ऑनलाइन सेवाकालीन प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय हाई एवं हाई सेकंडरी स्कूल के विषय भौतिकी के व्याख्याताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण अंतर्गत 20 नवंबर 2024 से चार दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि व्याख्याताओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण के प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य मीना पाणीग्रही ने अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इस प्रशिक्षण का आयोजन विषय शिक्षकों के क्षमता वर्धन के आधुनिक शैक्षिक तकनीकियों का प्रयोग कर सकने और नवाचारी क्रिएटिव गतिविधियों की समझ बनाकर आधुनिक शिक्षण पद्धति के साथ शिक्षण कराने सक्षम बनाने के लिए इस प्रशिक्षण का आयोजन हो रहा है। आगे प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए सतीश नायर सहायक संचालक शिक्षा विभाग ने भौतिकी विषय के पूर्व के सिलेबस और वर्तमान सिलेबस की समीक्षा करते हुए हुए ब्लू प्रिंट आदि पर विचार रखते हुए वर्तमान तकनीक की समझ, भौतिक विषय के विषय वस्तु को जीवन उपयोगी बनाने आदि पर समझ बनाने पर जोर दिया गया। पश्चात विषय भौतिकी के प्रशिक्षण समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने प्रशिक्षण संबंधित समय सारणी कार्ययोजना उपस्थिति आदि तथ्यों को क्रमबद्ध रूप में रखा गया। पश्चात प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स विवेक वर्मा व्याख्याता हायर सेकंडरी स्कूल गोडबहाल और मनोज साहू व्याख्याता हायर सेकंडरी स्कूल खल्लारी द्वारा क्रमशः प्रथम दिवस 21वीं सदी के विभिन्न कौशलों जैसे सीखना कौशल, साक्षरता कौशल एवं जीवन कौशल के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही पारंपरिक शिक्षण पद्धति और आने वाले दिनों में वैश्विक स्तर पर प्रतियोगी बनाने के लिए बच्चों में जिन-जिन स्किल की आवश्यकता होगी, उस पर विस्तार से चर्चा की गई। द्वितीय दिवस माध्यमिक स्तर (कक्षा 9वी से 12वीं) तक के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं परामर्श से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। जिसमें सर्वप्रथम माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को समझना उनके चिंता और तनाव के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षु व्याख्याताओं को बताया गया कि विद्यार्थियों पर सहपाठियों का दबाव बहुत ही प्रभावकारी होता है। अतः उसके सकारात्मक दबाव और नकारात्मक दबाव के संबंध में शिक्षक और अभिभावक की भूमिका पर सुझाव दिए गए। एनईपी 2020 में न केवल गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक ज्ञान में वृद्धि पर फोकस किया गया है, वरन विद्यार्थियों के भावात्मक पक्ष पर भी जोर दिया गया है। विद्यार्थियों को एक छात्र या छात्रा के रूप में ना देख कर उन्हें एक इंसान मानकर उनमें मानवीय मूल्य के पोषण पर भी ध्यान दिया गया है। प्रशिक्षण में के सिंग सहायक प्राध्यापक, राजेश चंद्राकर वरिष्ठ व्याख्याता, उमादेवी शर्मा वरिष्ठ व्याख्याता, व्याख्याताद्वय संतोष साहू, टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, तिलोतमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, झरना साहू आदि शामिल हुए। लिपिक सुशेन दीवान सहित अकादमिक एवं कार्यालयीन स्टाफ के साथ प्रमुख रूप से समस्त व्याख्याता प्रशिक्षार्थियों का सहयोग रहा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी बाई की जयंती पर मिशन साहसी का आयोजन

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महासमुंद द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई की जन्म जयंती पर मिशन साहसी का आयोजन किया गया। मिशन साहसी विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रति वर्ष देशभर के प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में कार्य जाता है, जिसमें बहनों को आत्मरक्षा का गुण सिखाया जाता है, जिससे उनका हर वो उचित समय उसे उपयोग कर अपनी आत्म रक्षा करने में सक्षम हो और अपने आप को सुदृढ़ कर सकें। कहीं भी निडर होकर अपना कार्य कर सके। स्थानीय शांत्रीबाई महाविद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सविता चंद्राकर ने की। मुख्य वक्ता रंजना शर्मा रही। विशिष्ट अतिथि मेनका चंद्राकर बीएड विभाग के विभाग अध्यक्ष भी मौजूद थी। साथ ही मुख्य प्रशिक्षक राहुल लालू सोनवरकर ने सभी छात्राओं को आत्मरक्षा का गुण सिखाया। महासमुंद जिला संयोजक ललित साहू, नगर मंत्री लवेश साहू, नगर महविद्यालय प्रमुख मोहित तिवारी, भारत लहरे, आदित्य आर्य, कुंभज चंद्राकर उपस्थित रहे।

# पिथौरा में हुई गायत्री परिवार की उपजोन स्तरीय त्रैमासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार उपजोन रायपुर की त्रैमासिक बैठक गायत्री शक्तिपीठ पिथौरा में आदर्श वर्मा छत्तीसगढ़ प्रमुख एवं उपजोन समन्वयक सीपी साहू तथा वरिष्ठों की उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम में उपजोन अंतर्गत आने वाले रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिले के सभी जिला समन्वयक एवं वरिष्ठगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां गायत्री की पूजा अर्चना कर एवं दीप जलाकर किया गया। तत्पश्चात पीआर वर्मा द्वारा समूह साधना कराते हुए सत्संकल्प पाठ कराया गया। उपजोन समन्वयक एमएल साहू ने त्रैमासिक समीक्षा बैठक के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आपस में विचार विमर्श करने का माध्यम बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 2026 में माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप का 100 वर्ष पूरा होने जा रहा है। गायत्री परिवार इसे शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा हैं। इसके लिए ज्योति कलश यात्रा निकाली जा रही है। जिसके माध्यम से गायत्री और यज्ञ को घर-घर पहुंचाने की आवश्यकता है। आज समाज में परिवर्तन, विचार क्रांति और यज्ञ से ही संभव है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को समय दान देते हुए गांव गांव संपर्क कर इस अभियान को गति देना है। उप जोन समन्वयक सीपी साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साधक बनना है। लोगों को साधना से जोड़ने के लिए हर प्रज्ञा पीठ, प्रज्ञामंडल एवं इकाई में साप्ताहिक यज्ञ हो। आज सोते हुए परिजनों को जगाने, सुषुप्त प्रज्ञा मंडल को जागृत करने की आवश्यकता है। परिजन यज्ञ में शुद्ध देशी घी का प्रयोग करते हुए नियमित साधना करें। उन्होंने सभी परिजनों को व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण का सूत्र अपनाते हुए समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए आह्वान किया। सभी जिला समन्वयकों ने अपने-अपने जिले में 3 माह में किए गए हैं गतिविधियों की जानकारी विस्तार से दिया। बलौदाबाजार जिला समन्वयक ने बताया कि नशामुक्ति अभियान एवं कुरीति उन्मूलन मॉडल जो जिले में चलाया जा रहा है उसे पूरे प्रदेश में संचालित करने के लिए डॉक्टर चिन्मय पंड्या से मार्गदर्शन लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी होलिका दहन को जिले में अश्लीलता निवारण के रूप में चलाया जा रहा है और अब इसे बड़े सद्भाव के साथ महिला मंडल की टोली द्वारा भजन अर्चन करते हुए मनाया जा रहा है। महासमुंद




धमतरी जिले के समन्वयक दिलीप नाग ने नवरात्रि में परिजनों द्वारा किए साधना, व भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 12000 विद्यार्थियों की बैठने की जानकारी दी। गरियाबंद जिले समन्वयक टीकम साहू ने 2026 तक 5000 युवा कार्यकर्ता तैयार करने का संकल्प की जानकारी देते हुए जनवरी में गरियाबंद में आयोजित होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी के बारे में बताया। से बोधराम साहू ने सिरपुर में आयोजित परिवार सम्मेलन की जानकारी देते हुए 2026 की तैयारी एवं अखंड ज्योति यात्रा के बारे में जानकारी दी। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सबसे ज्यादा बच्चे बिठाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगत देवरी के प्राचार्य तारेंद्र कुमार साहू एवं प्रभारी ललित कुमार साहू को मंत्र चादर से सम्मानित किया। अंत में पिथौरा विकासखंड में गायत्री मिशन को आगे बढ़ाने में योगदान देने वाले परिजनों का मंत्र चादर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें एसआर सिंहा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, मनहरण साहू उपजोन समन्वयक, गजानन सिंह ठाकुर सरायपाली, शिव निर्मलकर, हेमलाल दीवान, संतोष कुमार साहू शिक्षक, श्यामलाल ठाकुर, मोहनलाल साहू सेवानिवृत्त तहसीलदार, मोहनलाल साहू मंत्रालय कर्मचारी, कलपराम पटेल, उषा अग्रवाल, तुकाराम पटेल, पीआर वर्मा, चंद्रशेखर ठाकुर प्रोफेसर प्रमुख थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश कुमार नायक, सुरेंद्र साय परिव्राजक, पतिराम पटेल, कीर्तन दीवान, जगबंधु पटेल समन्वयक, दिलीप कुमार डुमलिया, वेदराम साहू, पीआर वर्मा, जगन्नाथ यादव, साहब राम पटेल, गोपाल एवं महिला मंडल से सेवती लोचन प्रसाद, गौरी साव, इंद्राणी, तेज कुमारी नायक, हिमाद्री पटेल एवं स्काउट गाइड के बच्चों का विशेष सहयोग रहा। महासमुंद से ललित मेश्राम, जगमोहन साहू, विश्राम साहू, उपाध्याय, अक्षय साहू, तुकाराम साहू, जनक साहू बागबाहरा से, जितेंद्र भोई, कानूनगो, बसना से, विवेक शर्मा सरायपाली एवं लगभग 300 परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन युवा प्रकोष्ठ प्रमुख भारत साहू एवं धनवंतरी सिन्हा ने किया। आभार प्रदर्शन तुकाराम पटेल ने किया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह जानकारी भारत सिंह साहू प्रमुख युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद ने दी है।

# शिविर में जो भी सीखा उसे अपने जीवन में उतारें

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत गोपालपुर आश्रित ग्राम मुस्की में 13 नवंबर से 19 नवंबर तक किया गया। 18 नवंबर को मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रमेश साहू रहे। अध्यक्ष प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच मोतीन सहदेव ध्रुव रहे। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी सितोष कुमार जुल्फे द्वारा 7 दिन का शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें प्रथम दिवस करियर गाइडलाइंस, दूसरा दिन ड्यूटी दिवस, मड़ाई मेला, तृतीय दिवस हमर पुलिस समर संग, चतुर्थ दिवस पशु चिकित्सा विभाग एवं स्वास्थ्य परीक्षण तथा छठवां दिन सिस्टम दिवस पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी से लेकर शाम को संध्याकालीन सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम हुए। अध्यक्षक्ति प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने कहा कि सात दिन विशेष शिविर में जो सीखे है उसे अपने जीवन में अपनाने तथा ग्रामीणजनों में हुई समस्या को सर्वे कर कापी में फाइल बनाने की सलाह दी गई। सरपंच मोतीन सहदेव ध्रुव ने कहा कि स्वयं सेवक जो अपने घरों में कभी झाड़ू नहीं लगाते, वो गांव में आकर गली मोहल्ले, तालाब तथा हैंडपंप के पास मजदूर की तरह कार्य किए मैं इनके कार्यों से अत्यंत प्रसन्न हूं। उन्होंने स्वयं सेवकों को शिक्षक द्वारा सिखाए गए हैं सभी कार्यों को अपने घर में भी प्रति दिन करें, तभी व्यक्तित्व विकास होगा। मुख्य अतिथि रमेश साहू ने कहा कि यह शिविर इस गांव के लिए अनुकरणीय रहेगा। क्योंकि, इस गांव में एकता एवं आपसी भाई चारा से ये स्वयं सेवक एक अलग पहचान बनाकर जा रहे है। सात दिन किसी गांव में इतनी ठंड में रहना अपने आप में स्वयं अनुशासित होकर कार्यों को करना यही रासेयो का मूल उद्देश्य है। ये स्वयं सेवक अपने हाथों से खाना बनाना, स्वच्छता तथा नशामुक्ति का संदेश लेकर आते है और गांव में अपनी छाप छोड़ ग्रामीणजनों का दिल जीत कर जाते है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता हेमंत डडसेना तथा आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी सितोष कुमार जुल्फे ने किया।

### खट्टी में बालीबाल प्रतियोगिता हुई



**महासमुंद।** राज्य स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता पुरूष वर्ग का आयोजन 15 से 17 नवंबर तक खट्टी में रखा गया था। जिसमें नगद एवं अन्य पुरस्कार भी रखे गए हैं।

# छात्रों का नहीं बन रहा जाति प्रमाण पत्र, पढ़ाई छोड़ने विवश : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले के सभी ब्लॉकों में जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटक रहे छात्र-छात्राएं और पालक

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों को कोई छात्र पढ़ाई करे या न करे इससे शासन और प्रशासनिक स्तर पर उच्च पदों पर बैठे हुए अधिकारियों को भी कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। क्योंकि, सरकार को चिंता तो प्रदेश में शराब बिक्री कैसे बढ़ाएं जाए और प्रदेश में पढ़ने वाले बच्चों को मजदूरी करने विवश कर रही हैं। शासन-प्रशासन तो हर गांव में अवैध शराब बिक्री में मस्त हैं। कांग्रेस की भूपेश सरकार स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल कर शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा था, लेकिन भाजपा की सरकार के रवैया को देखते हुए यहां पता चलता है कि छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र ना बने और वह पढ़ाई को छोड़ मजदूरी करने विवश हो जाए।



महासमुंद जिले के सभी ब्लॉकों में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए छात्र-छात्राएं और पालक भटकते हुए नजर आ रहे हैं। अस्थाई बन जा रहा है तो स्थाई नहीं बन पा रहा है तो किसी का स्थाई जाति ही नहीं बन पा रहा है। जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से पिथौरा के छात्रा पढ़ाई को छोड़ मजदूरी कर रही हैं। जाति प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को जारी किए जाने वाला महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र है। जाति प्रमाण पत्र स्कूल, कॉलेज में प्रवेश लेने, छात्रवृत्ति, आरक्षित वर्ग से चुनाव लड़ने साथ-साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लिए बहुत ही आवश्यक होता है। इसके अलावा शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जाति प्रमाण पत्र जरूरी दस्तावेज के रूप में मंगा जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आम नागरिकों को जारी किए जाने वाले ज्यादातर सुविधाएं जैसे जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान की गई है। जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए मिसल रिकार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए 1984 के पहले का और अनुसूचित जाति जनजाति के लिए 1950 के पहले का लगता हैं। लेकिन, जाति प्रमाण पत्र सारणीकरण के तहत ग्राम पंचायत प्रस्ताव के साथ अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए 1970 तक का कोई भी सपोर्ट दस्तावेज लगाया जाता है और जिनके पास कोई भी दस्तावेज नहीं है उनका जाति प्रमाण पत्र बन ही नहीं रहा है, यह कैसा सिस्टम है। कोई अनुविभागीय अधिकारी, ग्राम सभा, प्रस्ताव पंचायत, ग्राम पंचायत रजिस्टर की छायाप्रति के साथ प्रारूप 1,2,3 मंगाया जाता है तो कोई अनुविभाग में केवल प्रारूप 1,2,3 और कार्रवाई बैठक की नकल मंगाया जाता है। हर तहसील में यहां अलग-अलग नियम किसने बनाया, यह भी समस्या समझ से परे है। जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है और बच्चे पढ़ाई को छोड़ मजदूरी करने को मजबूर हो रहे हैं।

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.202403120300090
अ-6-अ वर्ष 2023-24
ग्राम कौवाझर, प.ह.नं. 07
तहसील व जिल महासमुंद

// सूचना पत्र //

एतद् द्वारा रामचरण पिता दुखउ ग्राम कौवाझर, को सूचित किया जाता है आवेदक बद्रीप्रसाद शर्मा पिता श्रीपाल शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम कौवाझर तहसील। जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम कौवाझर स्थित भूमि खसरा नंबर 215 रकबा 0.15 हे. में से 0.06 हे, राष्ट्रीय राज्य मार्ग में अधिग्रहण होने के पश्चात शेष भूमि 0.09 हे. आनलाईन में रामचरण पिता दुखउ के नाम दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर स्वयं के नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव आप पेशी दिनांक 04/12/2024 को उपस्थित होकर उक्त संबंध में अपना पक्ष समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेंगी जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेदार होगें। आज दिनांक 14/11/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी।

मुहर

नायब सहसीलदार
तुमगाँव, जिला
महासमुंद (छ.ग.)




## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में भाजपा की जीत पर मनाई खुशी



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार बनने पर खुशी मनाई और नतीजे सामने आते ही जहां एक और पार्टी कार्यालय पर जश्न का माहौल देखने को मिलता है, तो आम जनता भी एक-दूसरे के साथ खुशी का इजहार करती है।



### सम्हर सोसाइटी अध्यक्ष ने संभाला पदभार

**तेंदूकोना।** भारतीय जनता पार्टी के अनुमोदन से राज्य शासन द्वारा कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सम्हर में अध्यक्ष के रूप में पिलेश्वर पटेल को प्राधिकृत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिनका पदभार कार्यक्रम 20 नवंबर को समिति सभा भवन में मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद एवं अलका चंद्राकर छाया विधायक व जिला पंचायत सदस्य, डॉ. सदाराम साहू पूर्व अध्यक्ष समिति के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व समिति प्रभारी कोमल दीवान, संजय मालवे, कन्हैया नायक, रुपेश साहू, टीकम ध्रुवंशी, चिंताराम साहू, मुकेश चंद्राकर, लालसिंह नायक, कमलेश टांडेय, हरीश दीवान, गुलशन बघेल, प्रकाश पटेल, कोमल साहू, धनंजय साहू, मोहित साहू, समिति प्रबंधक कोमल दीवान, ऑपरेटर कैलाश पटेल एवं सम्हर समिति के किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने किया सांकरा एवं सपोस खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

- विधायक ने सुनी किसानों की समस्याएं, केंद्र का निरीक्षण भी किया



सांकरा व सपोस धान खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे। विधायक ने किसानों को फसल को सफाई से लाने तथा केंद्र में बेचने के लिए कहा। कार्यक्रम में सांकरा समिति अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, सपोस सोसाइटी अध्यक्ष निरंजन यादव, सलडीह समिति अध्यक्ष रवि प्रकाश प्रधान, जेराभरण समिति अध्यक्ष बाबूलाल साहू, परसवानी समिति अध्यक्ष अकल श्याम चौधरी का भी स्वागत हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच देवसराल संजय साहू, कांग्रेस बूथ अध्यक्ष जितेन साहू को विधायक ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भाजपा का पनछा पहनाकर दिलवाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, अरविंद मिश्रा, विधायक कार्यालय बसना के प्रभारी प्रकाश सिन्हा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम, निज सचिव नरेंद्र बोरे, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत साहू, नरेश साहू सरपंच सपोस, बबीता बघेल उपसरपंच, पूजा ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि, किशोर बघेल, मथामणि बढ़ाई आदि मौजूद रहे।

### शासन की उपेक्षापूर्ण नीति से महासमुंद पालिका विकास कार्यों में पिछड़ी : नीरज



**महासमुंद।** शहर के विकास में पालिका के पिछड़ने की वजह राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा शासन को बताते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला प्रवक्ता नीरज परोहा ने कहा कि महासमुंद पालिका के प्रति सरकार की भेदभाव व उपेक्षा पूर्ण नीति के चलते शासन को पालिका द्वारा प्रस्तावित अनेक विकास कार्यों को आजपर्यंत तक स्वीकृति नहीं मिल पाई। जारी प्रेस विज्ञप्ति में परोहा ने कहा कि पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग द्वारा दो साल के कार्यकाल के वर्तमान वर्ष के बजट में शहर के विकास को तीव्र गति देने के लिए व नागरिकों को सुविधाओं के उद्देश्य से नहर लिंक रोड, सर्वसुविधायुक्त पार्किंग स्थल व पशुपालकों के लिए गोकुल नगर का प्रावधान वार्षिक बजट में सर्वसम्मति से पारित कर राशि प्रावधान के लिए राज्य शासन को भेजा था। पर आजपर्यंत उक्त प्रस्ताव को शासन के उपेक्षापूर्ण व कांग्रेस शासित पालिकाध्यक्ष के प्रति भेदभावपूर्ण रवैयों के चलते स्वीकृति नहीं मिल पाई। इन कार्यों को शासन की मंजूरी मिलती तो नागरिको को सुविधाओं का लाभ अवश्य मिलता।

## रबी फसल की खेती न करने किसानों को धमका रही भाजपा सरकारः हेमलता



**महासमुंद।** महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमलता सागर निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। भाजपा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। चुनाव के वक्त 3100 रुपए में एकमुश्त धान खरीदने का वादा किया गया लेकिन, अब भाजपा अपनी बातों से मुकर रही है। सरकार द्वारा खरीदे गए धान की, किसान न्याय योजना की राशि तथा बढ़ी हुई समर्थन मूल्य की राशि को सरकार समर्थन मूल्य के दौरान ही भुगतान करें। भाजपा सरकार की नीति और नियत किसान हितैषी तो नहीं लग रही है। इधर, जनता महंगाई से परेशान है। इधर भाजपा सरकार किसानों को रबी फसल की खेती करने से प्रतिबंध लगा रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मात्रा में दोनों फसलों में धान की ही खेती की जाती है। क्योंकि, धान फसल का विक्रय और नगदीकरण आसानी से हो जाता है। जिसमें स्थानीय व्यापारी भी किसानों का साथ देते हैं, इन्हीं दोनों फसलों के कार्यों के आधार पर ही किसान कर्ज लेते हैं। अपने बच्चों की शादी के लिए घर की जरूरत के लिए, किसानों को खेत और मौसम के अनुसार फसल चुनने का अधिकार है। रबी फसल की खेती करने पर धमकी देना ना केवल अन्याय है, बल्कि किसानों के अधिकारों का हनन भी है।

### भाजपा के 11 माह के सुशासन का प्रतिफल है रायपुर दक्षिण का परिणाम



**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम ने रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तथा उत्तरप्रदेश में 7 सीटों पर कमल खिलने पर इसे भाजपा पर जनता का विश्वास का परिणाम बताया है। साहू ने महाराष्ट्र चुनाव में भी एनडीए की जीत को प्रधानमंत्री मोदी की बेहतर नीति तथा भाजपा शासन काल में हुए विकास कार्यों का प्रतिफल बताया। साहू ने कहा कि जनता ने डबल इंजन की सरकार पर भरोसा किया है। भाजपा ने हमेशा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम किया है। उपचुनाव में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में भरपूर मेहनत किया। विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने में सफल रहे। जिससे रायपुर दक्षिण उपचुनाव सहित महाराष्ट्र चुनाव और यूपी उप चुनावों में जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास कांग्रेस से उठ चुका है, इसलिए पूरे देश में कांग्रेस की बुरी तरह हार हो रही है। छग की जनता ने 2018 में कांग्रेस को अवसर प्रदान किया था, लेकिन वह प्रदेशवासियों के भरोसे पर खरा नहीं उतर सकी। रायपुर दक्षिण से सुनील सोनी का ऐतिहासिक जीत भाजपा के 11 माह के सुशासन पर जनता के विश्वास का मुहर है।




### खरोरा में हुआ मितानिनों का सम्मान...



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में मितानिन दिवस पर मितानिन भवन एवं महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार प्रशिक्षण केंद्र भवन का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर मितानिनों एवं आस्था समूह के सभी सदस्यों का मोमेटो एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। मितानिनों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रेरणा स्रोत नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एकता लंगेह रही। अध्यक्षता सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर न की। विशिष्ट अतिथि पंच संजय साहू, मनोज चंद्राकर, केसर बंजारे, भूमिका चंद्राकर, कमला धीवर, आशा परमार, मनु चंद्राकर, संतोषी पटेला, लता चंद्राकर, हीरा चंद्राकर आदि मौजूद रही। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन तारिणी चंद्राकर ने किया।

